मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)
59 ''सी'' विंग, द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क्रमांक/ 11676 /NREGS-MP/वित्त एवं लेखा/2011 भोपाल,दिनांक 13 /12/ 11

प्रति,

आंतरिक लेखा परीक्षण
महत्वपूर्ण समय–सीमा

कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक
मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,
जिला – समस्त (म.प्र.)

विषय :– महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के आंतरिक लेखा परीक्षण संबंधी।

संदर्भ :– म.प्र. राज्य रोजगा गारंटी का पत्र क्र. 11232 / NREGS-MP / वित्त एवं लेखा / 2011 भोपाल दिनांक 27.11.11

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। संदर्भित पत्र द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षण के संबंध में जिले में हुई प्रभावी कार्रवाई की जानकारी दिनांक 10.12.2011 तक चाही गई थी।

चिंता का विषय है कि यह जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जबकि प्रकरण में शासन एंव वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर इस विषय की समीक्षा की जानी है। पुनः अनुरोध है कि जानकारी संयुक्त आयुक्त वित्त एवं लेखा के ई–मेल पर तत्काल दिनांक 16.12.2011 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निम्न बिन्दुओं पर जानकारी दी जानी है–

बिन्दु–1 वित्त वर्ष 2011–12 हेतु आन्तरिक लेखा परीक्षण का कलेण्डर एवं इसके विरूद्ध किया गया ऑडिट।

बिन्दु–2 जिलों में आन्तरिक लेखा परीक्षण कमेटी का गठन एवं उसकी बैठकों के विवरणों की संक्षेपिका (उनमें कितनी बैठकें हुई एवं क्या निर्णय हुये) बैठकों का कार्यवाही विवरण।

बिन्दु–3 आन्तरिक लेखा परीक्षण रजिस्ट्रर का संधारण प्रपत्र 01 एवं 02 एवं यह रजिस्ट्रर किन अधिकारियों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया।

बिन्दु–4 आन्तरिक लेखा परीक्षण करने पर आपत्तियों, विसंगतियों एवं प्रवृत्तियों का सामान्य विवरण एवं उनकी संक्षेपिका।

बिन्दु–5 आन्तरिक लेखा परीक्षण में उद्घाटित हुये ऐसे कोई बिन्दु जिनमें परिषद का हस्तक्षेप आवश्यक हो परन्तु इसको भेजने के पूर्व जिला अपना सुझाव एवं अभिमत अवश्य दे।

बिन्दु–6 जिलों की आन्तरिक लेखा परीक्षण कमेटी की कितनी कार्यवाहियां पंचायतों की सामान्य सभा में रखी गईं।

बिन्दु–7 वित्त वर्ष 2012–13 के कलेण्डर बनाने संबंधी तैयारी ।

बिन्दु–8 ऑडिट एंव मेनेजमेंट साफ्टवेयर में आन्तरिक लेखा परीक्षण से संबंधी कण्डिकाओं के अंकन की स्थिति।

13/12/11

(डॉ0 राजीव सक्सेना)
संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक/ 11677 /NREGS-MP/वित्त एवं लेखा/2011 भोपाल,दिनांक 13 / 12 / 11

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।

13/12/11

संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल